बर्षः- 05
अंकः- 262
मुरादाबाद
(Tuesday)
13 January 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक
प्रातः कालीन
क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

राष्ट्रीय युवा दिवस पर राष्ट्रपति मुर्मू ने श्रद्धांजलि अर्पित की, पीएम ने कहा - मेरी आदरपूर्ण श्रद्धांजलि

सोमवार को पूरा देश स्वामी विवेकानंद की जयंती मना रहा हैं। इस बीच देश के अलग-अलग हिस्सों में कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं। वहीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत अन्य नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।सोमवार को पूरा देश स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती मना रहा है। रामकृष्ण मठ और मिशन के मुख्यालय बेलूर मठ में, मंगल आरती और विशेष प्रार्थनाओं के साथ उत्सव की शुरुआत सुबह जल्दी हो गई। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी, 1863 को तत्कालीन कलकत्ता में

नरेंद्रनाथ दत्ता के रूप में हुआ था। उनकी जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

स्वामी विवेकानंद द्वारा स्थापित रामकृष्ण मठ और मिशन की विभिन्न शाखाओं ने राज्य के अलग-अलग हिस्सों में जुलूस निकाले, जिनमें स्कूली छात्र भी शामिल हुए। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर कहा कि उन्होंने भारतीयों में राष्ट्रीय गौरव का संचार किया। इसके साथ ही युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया राष्ट्रपति मूर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा एक कालजयी दूरदर्शी और आध्यात्मिक व्यक्तित्व। उन्होंने यह उपदेश दिया कि आंतरिक शक्ति और मानवता की सेवा एक सार्थक जीवन की नींव हैं। उन्होंने भारत के शाश्वत ज्ञान को विश्व तक पहुंचाया।वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा भारतीय युवाशक्ति के सशक्त प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद को उनकी जयंती पर मेरी आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व विकसित भारत के संकल्प में निरंतर नई ऊर्जा का संचार करने वाला है। मेरी कामना है कि राष्ट्रीय युवा दिवस का यह दिव्य अवसर सभी देशवासियों, विशेषकर हमारे युवा साथियों के लिए नई शक्ति और नया आत्मविश्वास लेकर आए। इसके साथ ही उन्होंने आगे लिखा स्वामी विवेकानंद का मानना था कि युवा शक्ति ही राष्ट्र-निर्माण की सबसे सशक्त आधारशिला है। भारतीय युवा अपने जोश और जुनून से हर संकल्प को साकार कर सकते हैं।राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अमित शाह ने एक्स पर लिखा, स्वामी विवेकानंद की जयंती पर मैं उन्हें नमन करता हूं।राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। स्वामी विवेकानंद ने देश के युवाओं को भारत की ज्ञान परंपरा, दर्शन और आध्यात्मिकता से जोड़ा और इसकी पहुंच वैश्विक मंचों तक पहुंचाई।उन्होंने कहा, रामकृष्ण मिशन के माध्यम से उन्होंने सामाजिक सेवा के आदर्शों की स्थापना भी की। स्वामीजी के विचार, जो लक्ष्य प्राप्त करने से पहले न रुकने का संदेश देते हैं, युवाओं में कर्तव्य और देशभक्ति की भावना जगा रहे हैं और एक विकसित भारत के निर्माण को गति दे रहे हैं।उत्तरी कोलकाता में स्वामी विवेकानंद के जन्मस्थान शिमला स्ट्रीट पर केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार और विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के देशभक्ति, सामाजिक सेवा और सांप्रदायिक सद्भाव के आदर्श लोगों को प्रेरित करते रहते हैं और मार्गदर्शक शक्ति बने हुए हैं। बनर्जी ने कहा कि देश प्रेम, गरीबों और पीड़ितों की सेवा और एकता, शांति और सद्भाव के संदेश की उनकी शिक्षाओं ने उन्हें हमेशा प्रेरित किया है।

संक्षिप्त समाचार

राजदूत सर्जियो गोर बोले- कोई भी देश भारत जितना अहम नहीं; ट्रंप करेंगे दौरा, व्यापार वार्ता जारी

भारत में नए अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने द्विपक्षीय संबंधों पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि मतभेदों को भुलाकर सच्चे दोस्त आगे बढ़ने पर भरोसा रखते हैं। गोर ने राष्ट्रपति ट्रंप के भारत दौरे की संभावना पर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि व्यापार समझौते के लेकर दोनों देशों की वार्ता जारी है।भारत में नए अमेरिकी राजदूत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विश्वासपात्र माने जाते हैं। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को लेकर अहम बयान दिया है। उन्होंने दोनों देशों के बीच साझेदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में राष्ट्रपति ट्रंप भारत दौरा जरूर करेंगे। गोर ने दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते की संभावनाओं पर भी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। नए अमेरिकी राजदूत के मुताबिक ट्रेड डील को अंतिम रूप दिया जा सके, इसे लेकर भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय वार्ता जारी है।गोर ने भारत आने को अपना सौभाग्य बताया पिछले साल हुई नियुक्ति के बाद पदभार ग्रहण करने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पहुंचे नए अमेरिकी राजदूत ने कहा, भारत अमेरिका का महत्वपूर्ण साझेदार है। उन्होंने अपनी भावी योजना के बारे में कहा, %मेरा स्पष्ट लक्ष्य भारत-अमेरिका संबंधों को अगले स्तर पर ले जाना है।%मोदी और ट्रंप की दोस्ती सच्ची-गोर ने दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व के बीच संवाद और अमेरिकी राष्ट्राध्यक्ष के सकारात्मक रवैये का संकेत भी दिया।

चुनाव आयोग पर CM ममता के गंभीर आरोप, कहा- 20 वर्षों के वैधानिक सुधार की अनदेखी कर रहा EC

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त को नया पत्र लिखा है।

उन्होंने निर्वाचन आयोग पर सुधारों की अनदेखी करने के आरोप लगाए हैं। सीएम ममता ने कहा कि आयोग के रूख के कारण मतदाताओं को अपनी पहचान दोबारा सिद्ध करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा, %आयोग अपने ही 20 वर्षों के वैधानिक सुधारों की अनदेखी कर रहा है, जिससे मतदाताओं को अपनी पहचान दोबारा स्थापित करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। बता दें कि मुख्यमंत्री ने इससे पहले भी एक अन्य पत्र में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के समक्ष कई गंभीर मुद्दे उठाए थे।चुनाव आयुक्त को लिखा पांचवां पत्र पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को सोमवार को एक और पत्र लिखा है। यह उनका पांचवां पत्र है। इसमें उन्होंने वोटर लिस्ट के %स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन% (एसआईआर) प्रक्रिया में हो रही गड़बड़ियों पर चिंता जताई है।ममता बनर्जी का दावा है कि 2002 की वोटर लिस्ट को डिजिटल बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल किया गया, जिससे गंभीर गलतियां हुई हैं। उनका कहना है कि इन तकनीकी खामियों की वजह से असली वोटरों को गलत तरीके से %विसंगति% वाली श्रेणी में डाल दिया गया है। इससे आम लोगों को भारी परेशानी हो रही है।चुनाव आयोग पर आरोप-मुख्यमंत्री ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि वह अपनी ही पुरानी प्रक्रियाओं की अनदेखी कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में जो सुधार हुए थे, उन्हें दरकिनार कर वोटरों को फिर से अपनी पहचान साबित करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने इसे मनमाना और संविधान की भावना के खिलाफ बताया। सुनवाई प्रक्रिया पर सवाल-बनर्जी ने यह भी कहा कि एसआईआर के दौरान जमा किए गए दस्तावेजों की कोई रसीद नहीं दी जा रही है। उन्होंने सुनवाई प्रक्रिया को पूरी तरह मशीनी और संवेदनहीन बताया। उनका कहना है कि यह प्रक्रिया मानवीय संवेदनाओं से खाली है और लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर रही है।

भारत जर्मनी का भरोसेमंद और पसंदीदा साझेदार;द्विपक्षीय वार्ता के बाद जर्मन चांसलर मर्ज

जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज भारत के दो दिवसीय दौरे पर अहमदाबाद पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर चांसलर मर्ज 12-13 जनवरी 2026 तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर है, यह उनकी भारत की पहली आधिकारिक यात्रा होगीप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के साथ कार पर बैठकर फोटो साझा करते हुए लिखा भारत और जर्मनी की दोस्ती साझा मूल्यों, व्यापक सहयोग और आपसी समझ के जरिए लगातार मजबूत हो रही है। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि ईरान के लोग आजादी और बेहतर जीवन के लिए शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे हैं और यह उनका अधिकार है। उन्होंने प्रदर्शनकारियों के साहस की सराहना करते हुए कहा कि वे अत्यधिक हिंसा का बहादुरी से सामना कर रहे हैं। चांसलर मर्ज ने ईरान की सरकार और नेतृत्व से अपील की कि वे अपने नागरिकों को धमकाने के बजाय उनकी सुरक्षा करें। उन्होंने कहा कि ईरानी लोगों के खिलाफ की जा रही हिंसा ताकत नहीं, बल्कि कमजोरी की निशानी है और इसे तुरंत रोका जाना चाहिए।जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि जर्मनी ऐसी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का समर्थन करता है, जिसमें सभी देश स्वतंत्र और सुरक्षित तरीके से रह सकें। चांसलर मर्ज ने कहा कि दुनिया की व्यवस्था तेजी से बदल रही है, जहां बड़ी ताकतों की राजनीति और प्रभाव क्षेत्रों का दौर चल रहा है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के खिलाफ रूस

की आक्रामक कार्रवाई इस बदलाव का सबसे गंभीर उदाहरण है। उन्होंने यह भी कहा कि हर मुद्दे पर सभी की राय एक जैसी नहीं होती, चाहे वह भारत-जर्मनी हों या यूरोप के अन्य साझेदार। लेकिन इसके बावजूद, दोनों देशों के बीच कई अहम मुद्दों पर मजबूत सहमति और सहयोग मौजूद है। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि भारत जर्मनी के लिए एक भरोसेमंद और पसंदीदा साझेदार है।प्रधानमंत्री ने बताया कि गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय का जर्मनी के साथ पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में लंबे समय से सहयोग रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और जर्मनी हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर चलते आए हैं और उनकी दोस्ती का असर वैश्विक स्तर पर दिखाई देता है। उन्होंने बताया कि घाना, कैमरून और मलावी जैसे देशों में चल रही दोनों देशों की त्रिपक्षीय विकास साझेदारी दुनिया के लिए एक सफल मॉडल है। उन्होंने कहा कि भारत और जर्मनी ग्लोबल साउथ के देशों के विकास के लिए मिलकर प्रयास जारी रखेंगे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज का आभार जताते हुए कहा कि भारतीय नागरिकों के लिए वीजा-फ्री ट्रांजिट की घोषणा दोनों देशों के लोगों के बीच रिश्तों को और मजबूत करेगी। पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी है कि जर्मन मैरीटाइम म्यूजियम, गुजरात के लोथल में बन रहे नेशनल मैरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स के साथ सहयोग कर रहा है। उन्होंने इसे दोनों देशों के समुद्री इतिहास को जोड़ने वाला ऐतिहासिक कदम बताया।संयुक्त प्रेस वार्ता में जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि जर्मनी भारत के साथ संबंधों को और ऊंचे स्तर पर ले जाना चाहता है। आने के निमंत्रण के लिए प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह न सिर्फ दोनों देशों के गहरे रिश्तों का प्रतीक है, बल्कि उनके प्रति दिखाई गई दोस्ती और सम्मान को भी दर्शाता है। भारत-जर्मनी आर्थिक संबंधों की पूरी क्षमता को हासिल करने के लिए भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते (स्नञ्ज) पर बातचीत को पूरा करना बेहद जरूरी है।उन्होंने कहा कि भारत और जर्मनी सुरक्षित और भरोसेमंद सप्लाई चेन बनाने के लिए भी साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इन सभी विषयों पर आज हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों (MoUs) से सहयोग को नई गति मिलेगी। पीएम मोदी ने बताया कि रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में बढ़ता सहयोग दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास और साझा सोच का प्रतीक है। उन्होंने रक्षा व्यापार से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए चांसलर मर्ज का आभार जताया और कहा कि रक्षा उद्योगों में सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए एक रोडमैप पर भी काम किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और जर्मनी के बीच पुराने और गहरे जन-से-जन संबंध रहे हैं। उन्होंने बताया कि रवींद्रनाथ टैगोर की रचनाओं ने जर्मनी के बौद्धिक जगत को नई सोच दी, वहीं स्वामी विवेकानंद के दर्शन ने जर्मनी सहित पूरे यूरोप को प्रेरित किया। पीएम मोदी ने कहा कि मैडम कामा ने जर्मनी में पहली बार भारत का स्वतंत्रता ध्वज फहराकर आजादी की आकांक्षाओं को वैश्विक पहचान दिलाई। आज इन्हीं ऐतिहासिक संबंधों को आधुनिक साझेदारी में बदला जा रहा है। पीएम मोदी ने बताया कि खेलों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए भी ठोस कदम उठाए गए हैं, जिससे युवाओं के बीच जुड़ाव मजबूत होगा। इसके साथ ही उच्च शिक्षा के लिए तैयार किया गया व्यापक रोडमैप शिक्षा क्षेत्र में साझेदारी को नई दिशा देगा। उन्होंने जर्मन विश्वविद्यालयों से भारत में अपने कैंपस खोलने का भी आग्रह किया।

जनता दर्शनः सीएम योगी बोले- अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं...भूमाफिया के खिलाफ जारी रहेगा एक्शन; सुनीं समस्याएं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में प्रदेशभर से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। अवैध कब्जे और दबंगों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता का भरोसा दिलाया। बच्चों को दुलारते हुए ठंड में विशेष देखभाल की सलाह दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में विभिन्न जनपदों से आए प्रत्येक प्रार्थी से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। आमजनों के प्रार्थना पत्र लेकर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कार्रवाई का निर्देश दिया और कहा कि अवैध कब्जा कतई बर्दाश्त नहीं है। भूमाफिया और दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी है और नियमित रूप से होती रहेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को त्वरित व संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ ही लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार आपकी समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री के समक्ष कुछ वादी जमीन कब्जा व मारपीट आदि की शिकायत लेकर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने हर एक व्यक्ति के पास पहुंचकर उसकी शिकायत सुनी, प्रार्थना पत्र लिया, फिर अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनपद स्तर पर कानून व राजस्व के प्रकरण में तेजी से सुनवाई करते हुए इसका निस्तारण किया जाए। कानून व्यवस्था सरकार की प्राथमिकता में है।

इसमें हीला-हवाली कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रशासन और जनपद, मंडल, रेंज व जोन के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि दबंगों व भूमाफिया के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई नियमित रूप से जारी रखें। इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता दे रही सरकार- गंभीर बीमारी से जूझ रहे कुछ पीड़ितों ने 'जनता दर्शन' में पहुंचकर इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। सीएम ने कहा कि सरकार इलाज के लिए आर्थिक सहायता दे रही है। आप भी हॉस्पिटल से जल्द एस्टिमेट बनवाकर दें, एस्टिमेट मिलते ही आपके इलाज में सरकार तुरंत आर्थिक मदद करेगी। धन के अभाव में इलाज नहीं रुकेगा। सीएम योगी ने किया नौनिहालों को दुलार- 'जनता दर्शन' में कई बच्चे भी अपने अभिभावकों के साथ पहुंचे। नन्हे-मुन्ने बच्चों के सामने सीएम योगी का बालप्रेम फिर उमड़ पड़ा। मुख्यमंत्री ने बच्चों का हाल जाना, उन्हें दुलारा-पुचकारा और चॉकलेट दी। सीएम ने अभिभावकों से कहा कि ठंड में बच्चों का विशेष ध्यान रखें। यह अपनत्वपूर्ण भाव सुनकर अभिभावकों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया।

संपादकीय Editorial

World order in danger, Trump's rampant rampage

India must now make it clear that it will not tolerate Trump's arbitrariness. While conveying this message to the US, it must also consider how to confront Trump's bullying by joining forces with the world's leading nations, as there is no other option. Trump imposed heavy tariffs on oil buyers from Russia. The US withdrew from more than 60 global organizations. India must stop Trump's bullying of other countries. After attacking Venezuela and threatening to forcibly annex Greenland, a Danish autonomous region, US President Donald Trump has become even more rampant. Now, he has approved a bill that would impose a 500 percent tariff on countries buying oil from Russia. Since the major oil buyers from Russia are China, India, and Brazil, there is no doubt that they are unable to overcome the arbitrary belief that countries buying oil from Russia are helping Russia continue its war against Ukraine. Trump has already imposed a 50 percent tariff on India. Any further increase would mean economic sanctions. A testament to Trump's arbitrariness is his withdrawal from more than 60 international organizations, including the India-led International Solar Alliance. Of the organizations the US has announced its withdrawal from, nearly 30 are affiliated with the United Nations. Trump has previously withdrawn the US from several important global institutions. His wholesale withdrawal from several organizations now clearly demonstrates his desire to completely disrupt the world order. Through his arbitrariness, Trump is taking the world not only back to the Cold War era, but to an era before that, when there was no such thing as a world order. If Trump thinks the world will bow to his threats and capricious decisions, that's not going to happen. Keep in mind that even Europe is now forced to speak out against him. No matter how much Trump boasts, America's status today is not what it was two or three decades ago. The dollar's dominance is also waning. Trump must realize that despite all his efforts, he has failed to stop Russia's attack on Ukraine. He is also unable to influence China and Brazil, and India is clearly signaling that it will not bow to his pressure. This is why Trump's frustration with India is growing. In the coming days, India-US relations may deteriorate further. India must now make it clear that it will not tolerate Trump's arbitrariness. Along with conveying this message to America, it must also consider how to confront Trump's bullying by joining forces with the world's leading nations, as there is no other option left.

Spend five days in Himachal.

The "That's You" initiative will count tourism steps, meaning slow tourism will be energized to keep tourists for longer. Clearly, if Himachal Pradesh promotes relaxing days and nights instead of crowded tourist destinations, this caravan will reach its economic milestones. First, Himachal's tourism needs to expand not just to Shimla, Manali, Dalhousie, Kasauli, Dharamshala, and McLeodganj; it must begin with border tourism and expand throughout the state. To achieve the vision of making the entire state a tourist state, public behavior, hotel business practices, policies, hospitality from all departments, and new infrastructure will need to be rewritten. Ironically, tourists leave Himachal for various reasons. There's no effort to attract tourists with the excuse of extended stays, hospitality, and attractions. Meanwhile, the transport mafia is operating in the packages being offered. Extended hospitality is a tradition that, to learn, requires departmental coordination, a friendly touch of business, and social responsibility. Within Indore city itself, a cluster of 56 shops called Bhog can offer a variety of dishes to welcome almost every tourist. Similarly, many such stops could develop in Himachal. As Himachal is being introduced to the country's youth through weekend tourism, it is generating its own demand and supply. The traditional method of demand and supply for pilgrimage has progressed, while Himachal has much to do in the concept of travel. For example, as the number of stops on the Mani Mahesh Yatra increases, the number of days for demand and supply will also increase. Therefore, it is also necessary to identify where and how to spend five to seven days in Himachal. Currently, the Ghritamandhal is decorated in the Kangra temple. If we turn this festival into a cultural journey leading up to Lohri and Makar Sankranti, then several days can be spent visiting Kangra-Baijnath, including numerous temples, tea garden tours, the heritage Masroor and Old Kangra Fort, boating and bird watching at Pong Lake, and the Lohri festival at Garli-Paragpur. In fact, we limited ourselves to a brief visit to the Atal Tunnel, while a five- to seven-day travelogue would be needed to explore its tribal heritage, cultural landscapes, tribal lifestyle practices, and the ancient Buddhist tradition. In Himachal, you'll find bloggers, video presenters, and program hosts giving voice to virtually every type of tourism. We need to organize a workshop with these individuals to encourage the tourists who are personally attracted to the vast landscape for five to seven days of engagement. If tourism doesn't move beyond Chintpurni, Jwalaji, Balasundari, or Naina Devi, the stay will be limited to one or two days. Furthermore, by systematically implementing development plans for temple complexes, the number of days for religious pilgrimages can be increased. If these are combined with a few days of relaxation for the body and mind through Ayurvedic practices, the tourism potential will be enhanced. Similarly, by adding color to apple, tea, tribal festivals, and various fairs and festivals, these can become confluence points for longer trips. While enhancing the quality of health tourism, various convenient packages will provide a few days off from the hustle and bustle of life and the dust and hectic schedules of tourists' native places. Each department in Himachal Pradesh should develop its own plan and develop comprehensive tourism packages, enabling students, researchers, writers, and those with a wanderlust to add additional experiences to their long vacations. In this context, various universities should also include seminars and conferences to promote tourism in their calendars. The way Himachal is fulfilling the criteria of working from home, a second home for the country's IT professionals, needs to be highlighted. Himachal needs to capitalize on regional tourism. Currently, tourists traveling north from Maharashtra, Gujarat, and South India spend most of their days in Delhi, Jaipur, or Jammu and Kashmir, while Himachal is barely touched upon during these trips. Indeed, we must embrace the importance of tourism right from the entrance of Himachal. To this end, bridges must be established between tourism and transportation, strengthening public transportation and taxi services at affordable rates.

Political Parties Understand Their Responsibility to the Nation

The Indian public may agree or disagree with the policies and decisions of political parties and governments, but they do not forgive those who harbor ill will towards the country, discredit democracy, and conduct and behavior contrary to Indian culture. If political parties ignore this and do not change their course, no one can save them from their plight. All parties have a shared responsibility in addressing national challenges. Congress must overcome the Gandhi-Nehru syndrome. Regional parties also face the problem of nepotism and individualism. Today, the country faces a complex global situation. Amidst numerous aspirations, developments in the neighborhood are not a good sign. This is a shared challenge not just for the government and the ruling party, but for all political parties. Just as fingers vary in size and length, but everyone contributes to a powerful fist, similarly, parties vary in size and length, but everyone will contribute to building a strong and developed India. In addressing the challenges facing the country, it is the ruling party's responsibility to take opposition parties into confidence and maintain regular dialogue with them. The way Prime Minister Modi took all parties into confidence regarding Operation Sindoor was commendable. This enhanced the stature of both the Prime Minister and Indian democracy. Opposition parties also felt they had a role to play in resolving national crises. The Prime Minister's resolve of "Sabka Saath, Sabka Vikas, Sabka Prayas, and Sabka Vishwas" should be reflected not only in elections, but also in policymaking, serious decision-making, and addressing national crises. Congress is the most important opposition party in the country. It has been in power for a long time. It must understand the difficulties faced by the government and its expectations from the opposition. The country's political system was once called the "Congress system," but today the country is moving towards the "BJP system." If Congress wants to remain relevant in Indian politics, it will have to shift gears in its leadership, ideology, organization, and work culture. First, Congress must overcome the "Gandhi-Nehru syndrome." Why does Congress believe that without "Gandhi," its ship will sink? Why was a "Gandhi" needed over the Manmohan Singh government? Despite Mallikarjun Kharge being Congress president, why does he need a "Gandhi high command"? Many leaders in the Congress are capable of leadership, but why does the party continue to rely on Gandhi even seven decades after independence? "Gandhi" is a surname bestowed by Mahatma Gandhi on Indira Gandhi's husband, Feroze. Neither religion nor caste can change the surname "Gandhi." Today, even at the ideological level, the Congress has become directionless. Why do leaders of the party that led the freedom movement go abroad and question Indian democracy and constitutional institutions? Most opposition leaders, instead of offering meaningful, logical, and constructive criticism, tarnish their own and their parties' image with accusations, insinuations, sarcasm, and unruly behavior. Even at the organizational level, the Congress is in a very weak state. In the states where the Congress still has political ground, it is not because of its organization, but because of public resentment against non-Congress parties. The hard work of ordinary workers in the Congress party is meaningless, as every decision is determined by the high command or the first family. So why should workers work hard? Consequently, the Congress organization exists only on paper. This high command culture has destroyed internal democracy and corrupted the work culture within the party. The trend of leaving the Congress, which began with Lohia, Jayaprakash Narayan, and Acharya Kripalani, has continued through Morarji Desai, Chaudhary Charan Singh, Chandrashekhar, Jagjivan Ram, Sharad Pawar, Mamata Banerjee, and continues to grow, including Ghulam Nabi Azad, Jyotiraditya Scindia, Jitin Prasada, and Jagan Mohan Reddy. It's natural to ask what invisible power exists within the Gandhi family that keeps Congress from escaping its control. More or less, the situation of the Congress is similar to that of Mayawati's BSP in Uttar Pradesh, Akhilesh Yadav's SP, Lalu Prasad Yadav's RJD in Bihar, Jagan Mohan Reddy's YSR Congress in Andhra Pradesh, MK Stalin's DMK in Tamil Nadu, and Mamata Banerjee's Trinamool Congress in Bengal. The BSP, once a nationally influential party, is now becoming irrelevant due to Mayawati's work culture. Akhilesh Yadav's caste-based identity politics and lack of understanding of socialist ideology and inclusive politics have led to the SP forming alliances with the Congress, the BSP, and smaller and marginal parties. The criminal work culture of the RJD government in Bihar has become a thorn in the side of party leader Tejashwi Yadav. Jagan Mohan Reddy, bypassing his party organization in Andhra Pradesh, created a personal-organizational system and projected himself as an angel, the adverse consequences of which are evident. While Chief Minister Stalin is playing the politics of Tamil identity and anti-Hindi in Tamil Nadu, Prime Minister Modi is uniting North and South through the Kashi Tamil Sangam in Varanasi. Mamata Banerjee's protection of Bangladeshis and Rohingyas under the guise of Bengali identity may bring her the pleasures of power, but it poses a significant challenge to Bengal and national security. Political parties have to understand that they can enjoy democratic politics and federal system only as long as the sovereignty, security and prosperity of the country remains intact. These parties are responsible for running the central, state, and local governments. Therefore, they need not be anxious. The Indian public may agree or disagree with the policies and decisions of political parties and governments, but they do not forgive those who harbor ill will toward the country, spread disinformation against democracy, and display views and behavior contrary to Indian culture. If political parties ignore this and do not change their course, no one can save them from their plight.

न्यायिक कर्मी का कत्ल: छोड़ दो मेरे शौहर को..., मिन्नतें करती रही बीवी, न पसीजे हमलावर, आधा घंटे गुंडागर्दी

यूपी के अमरोहा जिले में सिविल जज जूनियर डिवीजन की अदालत के कर्मचारी को बीच सड़क पीट-पीटकर मार डाला। कार की साइड लगने पर बाइक सवारों ने न्यायिक कर्मचारी को पहले गाड़ी से खींचा। इसके बाद बीवी और बच्चों के सामने पीट-पीटकर मार डाला। अमरोहा के डिडौली में गलत दिशा से ओवरटेकिंग के दौरान बाइक के पास से गुजर रही कार टच होने पर बाइक सवारों ने कार चला रहे न्यायिक कर्मचारी को पीट-पीटकर मार डाला। कार की साइड लगने से आपा खोए बाइक सवारों का दुस्साहस इतना था कि फोन से नजदीकी गांव के रिश्तेदारों को मौके पर बुला लिया। फिर आगे बढ़ चुकी कार को पीछा कर जबरन रुकवा लिया और सरेराह सरेआम गुंडई का शिकार हुए राशिद हुसैन (38) अमरोहा में सिविल जज

वाले राशिद अपनी पत्नी रुखसार (35), भतीजे सलमान व अपने तीन पट्टी जा रहे थे। बाइक ने रॉन्ग साइड से किया ओवरटेक- सीओ अभिषेक पहुंची, तभी पीछे से आ रही बाइक ने रॉन्ग साइड से ओवरटेक किया। इस बाइक न गिरी, न कोई नुकसान हुआ। इसके बाद भी बाइक पर सवार दोनों होने लगी। आपा खोए युवकों में से एक ने अपने परिजनों व रिश्तेदारों को वारदात को अंजाम देकर भाग गए। यह वारदात रविवार दोपहर की है। जूनियर डिवीजन के न्यायालय में कार्यरत थे। अमरोहा के मोहल्ला नल के रहने बच्चों (दो बेटे, एक बेटी) के साथ कार से रिश्तेदारी में मुरादाबाद के गांव यादव ने बताया कि जैसे ही राशिद हुसैन की कार बंबूगढ़-जोया बाईपास पर दौरान कार की साइड बाइक से छू गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस दौरान युवक कार में बैठे परिवार को धमकाने लगे। इस पर दोनों पक्षों में कहासुनी फोन कर मौके पर आने के लिए कहा। यह देख राशिद ने कार आगे बढ़ा दी। राशिद के भतीजे सलमान ने बताया कि कार डिडौली थाना क्षेत्र में पथकोई-हुसैनपुर की पुलिया तक पहुंची थी कि वही दोनों युवक व उनके रिश्तेदार बाइकों से पीछा करते वहां पहुंच गए। जबरन कार रुकवाकर राशिद को बाहर खींच लिया और सभी ने लात-घूंसों से इतना पीटा कि वह मरणासन्न हो गए। भतीजे सलमान व कार में बैठीं राशिद की पत्नी उन्हें बचा नहीं सके। इस बीच जुटे आसपास के लोगों ने राशिद को हमलावरों के बीच से निकाला, जिसके बाद आरोपी भाग गए। मुरादाबाद ले जाते समय रास्ते में ही राशिद ने तोड़ा दम- परिजन उन्हें नजदीक के निजी अस्पताल ले गए, जहां से मुरादाबाद रेफर किया गया। मुरादाबाद ले जाते समय रास्ते में ही राशिद की सांसें थम गईं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन हमलावरों हाथ नहीं आए। एसपी अमित कुमार आनंद भी घटनास्थल पर पहुंचे और हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमों के गठन का एलान किया। सात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज- सीओ अभिषेक यादव ने बताया कि मृतक के भतीजे सलमान ने डिडौली के हुसैनपुर गांव निवासी कलीम, शान, कसीम, नसीम और तीन अज्ञात के खिलाफ डिडौली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कसीम और नसीम सगे भाई हैं, जबकि कलीम और शान चचेरे-तहेरे भाई हैं। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में ले लिया है। सात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पत्नी करती रही मिन्नतें, गिड़गिड़ाते रहे बच्चे, नहीं पसीजे हमलावर- वो सात थे और चाचा (राशिद) अकेले...बाइक से कार छू जाने भर के बदले सातों ऐसे टूटे कि देखते-देखते राशिद हुसैन बेसुध होकर जमीन पर गिर गए। उन्हें बचाने की कोशिशें कामयाब न होती देख चाची (रुखसार) उनके आगे हाथ जोड़कर मिन्नतें करने लगीं, मासूम बच्चे गिड़गिड़ाते रहे मगर बेरहम हमलावरों को न बच्चों पर तरस आया और न रुखसार की रुलाई उन्हें पिघला सकी। राशिद को गिरा-गिरा कर तब तक लात-घूंसे बरसाए, जब तक वह दम तोड़ने की नौबत तक नहीं पहुंच गए। यह कहना है 22 वर्षीय सलमान का, जो वारदात के समय अपने चाचा न्यायिककर्मी राशिद हुसैन के साथ कार में सवार थे। राशिद की पत्नी रुखसार (35) और बेटी मायरा (04), बेटा आरिश (08) और अम्माद (02) भी सफर में उनके संग थे। सभी खुशी-खुशी रुखसार के चाचा के घर जाने के इरादे से निकले थे। वारदात के बाद से रुखसार के आंसू थम नहीं रहे हैं। अपनी आंखों के सामने पति की जान जाती देखने के बाद से रुखसार की आवाज नहीं निकल रही। सिर्फ रुलाई फूट रही है। सहारा दे रहीं महिलाएं कह रही थीं। छोड़ दो मेरे शौहर को...पर बेरहम नहीं मानेसलमान ने बताया कि हमलावरों के आगे हाथ जोड़कर मिन्नतें कर रहीं चाची बार-बार कह रही थीं कि मेरे शौहर को छोड़ दो...। उनकी चीखें-चिल्लाहट न हमलावरों का रुख बदल सकीं और न राशिद का बचाव हो सका। सब कुछ मिटाकर ही हमलावरों के वार रुके। फॉरेंसिक टीम ने की जांच- राशिद हुसैन की हत्या के बाद एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने कार की भी बारीकी से जांच कर कुछ साक्ष्य जुटाए हैं। आरोपियों ने सीने पर बरसाए लात-घूंसे- राशिद हुसैन के भतीजे सलमान ने बताया कि हमलावरों ने कार से खींचकर चाचा पर लात-घूंसों से बेशुमार वार किए। ज्यादातर वार उनके सीने पर किए गए। बाद में आसपास के लोगों को इकट्ठा होता देख आरोपी मौके से भाग गए।

हवा में शहर के विकास की कई बड़ी योजनाएं, एलिवेटेड रोड और मल्टीलेवल पार्किंग फाइलों में बंद

मुरादाबाद जिले में विकास से जुड़ी अहम योजनाएं अब तक कागजों और बैठकों तक ही सीमित हैं। कंटेनर डिपो और दोनों बस अड्डों को शिफ्ट करने और मल्टीलेवल पार्किंग जैसी योजनाएं लंबे समय से प्रस्तावित हैं। लेकिन कोई भी योजना धरातल पर नहीं उतर सकी। मुरादाबाद जिले में विकास की महत्वपूर्ण योजनाएं हवा में हैं। मुरादाबादियों को सपने दिखाएं गए लेकिन योजनाएं धरातल पर नहीं उतर सकीं। कोई फाइलों से बाहर नहीं निकली तो कोई बस अड्डे बाहर हो सके और न ही कंटेनर डिपो। एलिवेटेड ही है।कंटेनर डिपो को शहर से बाहर करने की मांग लंबे अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। ऐसे ही रोडवेज बसों की हुए दोनों बस अड्डों को भी दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने को अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका। हालिया योजनाओं शामिल हैं। मल्टीलेवल पार्किंग = नहीं तय हो पाई लंबे समय से दावे किए जा रहे हैं। कई बार प्रस्ताव तैयार मल्टीलेवल पार्किंग शहर को मिल जाएगा लेकिन यह पिछले वर्ष स्टेशन के पास खाली कराई गई जमीन पर भी कही गई थी लेकिन वक्त के साथ यह दावा भी हवा में ही तो कोई जगह तय हुई और न ही इसकी डीपीआर सामने

बैठक तक ही सीमित हो रह गई। न तो दोनों रोड और मल्टीलेवल पार्किंग अभी तक सपना समय से चली आ रही है लेकिन यह मांग वजह से शहर में लगने वाले जाम को देखते की योजना कई बार बनी। मगर इस योजना में मल्टीलेवल पार्किंग और एलिवेटेड रोड जगह- शहर में मल्टीलेवल पार्किंग को लेकर हुए और कई बार कहा गया कि जल्द सपना अधूरा ही रहा। नगर निगम की ओर से मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण कराने की बात रहा। अबतक मल्टीलेवल पार्किंग के लिए न आई है। एलिवेटेड रोड = फव्वारा चौराहे से मिगलानी सिनेमा तक था प्रस्तावित - स्टेशन रोड का ट्रैफिक दबाव कम करने के लिए फव्वारा चौराहे से लेकर मिगलानी सिनेमा तक एलिवेटेड रोड बनाए जाने की बात दशकों से चल रही है। पीडब्ल्यूडी की ओर से भेजे गए प्रस्तावों पर मुहर नहीं लगी तो नगर विधायक की पहल पर इसे नगर निगम की ओर से शासन में भेजा गया।दावा किया गया कि सीएम ग्रिड योजना के तहत इस रोड का निर्माण कराया जा सकता है लेकिन इस प्रस्ताव को भी शासन से हरी झंडी नहीं मिल पाई। इसके बाद नगर विधायक ने सेतु निगम की ओर से प्रस्ताव बनवाकर शासन को भेजा है लेकिन इस प्रस्ताव को भी अभी तक मंजूरी नहीं मिल सकी है। रामपुर रोड पर लगने वाले जाम से लोग रोजाना जूझ रहे हैं।रोडवेज बस अड्डा शिफ्टिंग की योजना भी अधर में लटकी - रामपुर दोराहा स्थित लक्ष्मीपुर कट्टई में 35 एकड़ की जमीन पीतलनगरी बस अड्डा शिफ्ट करने के लिए चिन्हित की गई थी। इसमें बस अड्डे को पांच से 10 एकड़ जमीन की जरूरत थी। वहीं अगवानपुर के पास मुरादाबाद बस अड्डा शिफ्ट करने के लिए पांच एकड़ से अधिक जमीन देखी गई थी। दोनों जगह की जमीन की जानकारी जुटाकर शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। करीब एक साल हो चुके हैं लेकिन अभी तक इसको लेकर शासन से कोई जवाब नहीं आया। नहीं बनेगा पीपीपी मोड में पीतलनगरी बस अड्डा-सात साल पहले पीतलनगरी बस अड्डे का निर्माण होने की वजह से अब इसे पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर नहीं दिया जाएगा। इसके लिए क्षेत्रीय प्रबंधक ने जानकारी जुटाकर शासन को पत्र भेज दिया है। परिवहन निगम के अधिकारियों का कहना है कि पीतलनगरी बस अड्डा पांच करोड़ की लागत से तैयार किया गया है।इस बस अड्डे की बिल्डिंग ठीक है। इसे फिर से बनाने की कोई जरूरत नहीं है। पीतलनगरी बस अड्डे से प्रतिदिन संभल और संदौसी के लिए 250 बसों का संचालन किया जाता है। यहां से प्रतिदिन 20 हजार से अधिक यात्री सफर करते हैं। परिवहन निगम के अधिकारियों का कहना है कि बस अड्डे पर बिल्डिंग से संबंधित किसी तरह की कोई समस्या नहीं है। इसकी बिल्डिंग अभी मजबूत है। इस बस अड्डे को पीपीपी मोड में विकसित करने का प्रस्ताव है। इसे आधुनिक बस टर्मिनल व शॉपिंग कांप्लेक्स के रूप में विकसित कराए जाने का सहमति जताई गई है। एआरएम फाइनेंस बीएल मिश्रा ने बताया कि पीतलनगरी बस अड्डे की बिल्डिंग 2019 में बनाई जाने की वजह से इसे पीपीपी मोड में नहीं बनाने के लिए प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। आगे की कार्यवाही शासन स्तर पर की जाएगी। एलिवेटेड रोड को लेकर संबंधित विभागों की मंगलवार को बैठक बुलाई गई है। इसमें आगे की योजना पर चर्चा की जाएगी। बस अड्डों की शिफ्टिंग के लिए शासन को फाइल भेजी गई है। - अनुज सिंह, डीएम

मुरादाबाद में सपा के वर्तमान व पूर्व सांसद के बीच घमासान, बढ़ती गुटबाजी पर लगाम के लिए गाइडलाइन जारी

मुरादाबाद में सपा सांसद और पूर्व सांसद के बीच बयानबाजी का मामला पार्टी के शीर्ष नेतृत्व तक पहुंच गया है। इसके बाद सपा ने गुटबाजी पर रोक लगाने के लिए गाइडलाइन जारी की है। मीडिया या सोशल मीडिया पर पार्टी नेताओं के खिलाफ आरोप-प्रत्यारोप और अभद्र भाषा को अनुशासनहीनता माना जाएगा। मुरादाबाद में सपा सांसद और पूर्व सांसद के बीच चल रही बयानबाजी का मामला सपा के शीर्ष नेतृत्व तक पहुंच गया है। पार्टी के भीतर जारी की गई। मीडिया या सोशल मीडिया पर एक- इस्तेमाल को अनुशासनहीनता करार दिया जाएगा।हाल आयोजित किया था जिसमें मौजूदा सांसद रुचिवीरा में भाजपा के तीन बड़े स्थानीय नेता शामिल हुए थे। हसन पर टिप्पणी की थी और उन पर गंभीर आरोप की थी। इस मामले पर भाजपा विधायक ने भी अपनी पहले पिछले महीने भी महानगर कार्यालय पर एक बैनर में मौजूदा सांसद की फोटो नहीं लगाई गई थी। का बहिष्कार कर दिया था। यह मामला भी सपा के जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने बताया कि सामान्य पार्टी में इसे सांसद-पूर्व सांसद की ओर से खुलेआम देखा जा रहा है। पार्टी के प्रचार में सांसद और विधायकों कहा है कि सपा के किसी भी होर्डिंग, फ्लैक्सी, बैनर,

बढ़ती गुटबाजी पर लगाम लगाने के लिए गाइडलाइन दूसरे नेताओं पर आरोप-प्रत्यारोप या अभद्र भाषा के ही में पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन ने एक निजी कार्यक्रम को आमंत्रित नहीं किया गया था। जबकि इस कार्यक्रम सपा सांसद ने मीडिया से बातचीत करते हुए डॉ. एसटी लगाए थे।जवाब में पूर्व सांसद ने भी मीडिया में टिप्पणी बात रखी थी और यह मामला सुर्खियों में रहा। इससे कार्यक्रम एसआईआर को लेकर आयोजित हुआ था। यहां सांसद के समर्थकों ने इसपर आपत्ति जताते हुए कार्यक्रम अंदर की गुटबाजी की हकीकत बयान कर रहा था। रूटीन के तहत ही उन्होंने गाइडलाइन जारी की है लेकिन एक-दूसरे पर हो हे आरोप-प्रत्यारोप के जुड़े मामले से का फोटो अनिवार्य- जिलाध्यक्ष ने गाइडलाइन जारी कर पोस्टर स्टीकर या किसी भी अन्य प्रचार सामाग्री पर पार्टी का कोई प्रचार होगा तो उसमें सांसद और विधायकों का फोटो अनिवार्य रूप से लगाया जाएगा। साथ ही कोई भी नेता या कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर सस्ती लोकप्रियता के लिए एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप, अभद्र भाषा का इस्तेमाल नहीं करेगा। अगर कोई ऐसा करता है तो उसके विरुद्ध अनुशासनहीनता की कार्रवाई की जाएगी। अगर किसी को भी शिकायत है तो वह जिलाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष या राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलकर अपनी बात रख सकता है।

संक्षिप्त समाचार

नाबालिग को ब्लैकमेल कर गंदी हरकत, धर्म परिवर्तन की कोशिश, हिरासत में जुबैर

नाबालिग के साथ दुष्कर्म और ब्लैकमेल में एक आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। इससे पहले आरोपी नाबालिग की मां को बहलाकर अपने साथा ले गया था। मझोला पुलिस ने नाबालिग को ब्लैकमेल कर शारीरिक शोषण करने के आरोप में रविवार को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी नाबालिग की मां को लेकर चला गया था। आरोप है कि मुख्य आरोपी डरा धमका कर और लालच देकर पूरे परिवार को धर्मांतरण कराने की कोशिश में लगा है।इस मामले में पुलिस ने आरोपी जुबैर के साथ नाबालिग की मां सहित छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। संभल जिले के रहने वाले व्यक्ति परिवार के साथ मझोला थानाक्षेत्र के ढक्का में रहता है। परिवार में उसकी पत्नी, दो बेटे और बेटी है।दर्ज प्राथमिकी में उसने बताया कि उसके पड़ोसी जुबैर और उसकी मां शबाना, बहन बेबी खान, मुस्कान और सोनी का आना जाना रहता है। जुबैर ने उसकी पत्नी को लालच देकर अपने जाल में फंसा लिया। जुबैर ने उसकी पत्नी के साथ मिलकर 16 साल की बेटी से तमंचे के बल पर दुष्कर्म किया। उसने वीडियो भी बना ली। जिसे वायरल करने की धमकी देकर वह नाबालिग का शारीरिक शोषण करता रहा। 22 दिसंबर 2025 को उसकी पत्नी जुबैर के साथ चली गई। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर छह जनवरी पत्नी के साथ जुबैर को हिरासत में ले लिया। पति का कहना है कि उसकी बेटी पर पत्नी और जुबैर के परिवार वाले जबरन धर्म परिवर्तन कर शादी करने का दबाव बना रहे हैं। धमकी दे रहे हैं कि धर्म परिवर्तन नहीं करने पर पिता और भाइयों को जान से मार देंगे। धर्म परिवर्तन कर शादी किया तो 20 लाख का मकान देंगे। इस मामले में पुलिस ने जुबैर के साथ उसकी मां, दो बहनों और वादी की पत्नी सहित छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया है।

चेहरा नोचा, बाईं बांह उखाड़ ले गए... जांघ से बाईं टांग भी अलग की; नौ साल की रिया की लाश देख कांप उठा कलेजा

यूपी में कुत्तों ने एक और मासूम की जान ले ली। संभल के गांव पौटा में खेत से लौट रही नौ साल की बालिका को श्मशान घाट के पास कुत्तों ने नोचकर मार डाला। नौ साल की रिया का शव जिसने भी देखा, कलेजा कांप उठा। कुत्तों ने मासूम का चेहरा बुरी तरह नोच डाला था।संभल के गांव पौटा निवासी बंटी की नौ वर्षीय बेटी रिया गौतम को रविवार शाम कुत्तों के झुंड ने नोच-नोचकर मार डाला। घटना उस समय हुई जब वह खेत से घर लौट रही थी। कुत्तों ने बालिका को इस कदर नोचा कि बायां हाथ और पैर शरीर से अलग कर दिया। बालिका की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रिया के तहेरे भाई तरुण कुमार ने बताया कि शाम करीब पांच बजे रिया की मां ममता और दादी मुन्नी खेत पर पशुओं के लिए चारा लेने गईं थीं। उनके साथ रिया भी चली गई। मां और दादी पशुओं के लिए चारा काटने में लगी थीं।कुत्तों ने रिया को बुरी तरह से जख्मी किया था इस दौरान रिया घर आने के लिए अकेली ही चल पड़ी। रास्ते में श्मशान घाट के निकट आवारा कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। उसे खींचकर गेहूं के खेत में ले गए। गांव वाले और परिजन जब तक दौड़कर पहुंचे, कुत्तों ने रिया को बुरी तरह से जख्मी कर दिया था।रिया की मौके पर हो गई थी मौत- रिया का बायां हाथ कंधे से अलग था, जो मौके पर ही नहीं मिला। बायां पैर भी जख्मी था। वह भी जांघ से लगभग अलग ही था। उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही हजरतनगर गढ़ी पुलिस मौके पर आई और शव को कब्जे में लिया।एसडीएम बोले- कुत्तों की समस्या को लेकर कार्रवाई की जाएगी इंस्पेक्टर सुधीर कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। संभल के एसडीएम रामानुज ने बताया कि कुत्तों के हमले में मासूम बालिका की मौत हुई है। नियमानुसार परिजनों को इसका मुआवजा दिलाएंगे। वहीं, कुत्तों की समस्या को लेकर भी कार्रवाई की जाएगी। संबंधित विभाग को लगाकर इसका समाधान कराया जाएगा। ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं सामने न आएं।चेहरा नोचा, बाईं बांह उखाड़ ले गए कुत्ते... जांघ से बाईं टांग भी अलग-संभल के गांव पौटा में कुत्तों के हमले में जान गंवाने वाली नौ साल की रिया का शव जिसने भी देखा, कलेजा कांप उठा। कुत्तों ने मासूम का चेहरा बुरी तरह नोच डाला था। बाएं हाथ और पैर को इस कदर काटा कि दोनों शरीर से ही अलग हो गए। ।मौके पर मां ममता मासूम का जगह-जगह पड़ा खून देखकर बार-बार बदहवास हो रही थी।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज़्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

थाना इकोटेक- 3 पुलिस और 25000 रुपये के इनामी बदमाश के बीच मुठभेड़

क्यूँ न लिखूँ सच/ संवाददाता सोनू /गौतम बुद्ध नगर /ग्रेटर नोएडा थाना इकोटेक -3 पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से यामाहा कट के पास चेकिंग की जा रही थी,तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया,जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया, परन्तु वह नही रुका और मोटरसाइकिल को तेज गति से चलाते भागने का प्रयास करने लगा, जिस पर पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया तो उपरोक्त व्यक्ति की मोटरसाइकिल फिसलकर नीचे गिर गयी, मोटर साइकिल सवार व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम को नजदीक आता देखकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने लगा, पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही मे अभियुक्त पैर मे गोली लगने से घायल हो गया, घायल अभियुक्त की पहचान दानिश पुत्र नवाब निवासी मो0 रंगमहल, कस्बा शिकारपुर, थाना शिकारपुर, जनपद बुलंदशहर वर्तमान पता ग्राम एम्नाबाद, थाना बिसरख, गौतम बुद्ध नगर उम्र 31 वर्ष के रूप मे हुई है, अभियुक्त के कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल व एक अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 जिंदा व 01 खोखा कारतूस- .315 बोर बरामद हुआ है,घायल अभियुक्त थाना इकोटेक-3 पर पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे मे वांछित है, जिस पर 25000 का इनाम घोषित है, बरामद हुई चोरी की मोटर साइकिल स्पेलन्डर रजि0 न0- UP81CU 1657 के सम्बंध मे थाना बिसरख पर मु0अ0स0- 796/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है, पूछताछ मे अभियुक्त द्वारा बताया गया है कि मे चोरी की फिराक मे इधर उधर घूमकर बंद घरो/ फैक्ट्री की रेकी कर रहा था, मे पहले भी अपने साथियो के साथ कई चोरी कर चुका हूँ, और जेल भी जा चुका हूं, घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है, अभियुक्त के संबंध मे अन्य जानकारी की जा रही है, कुल आपराधिक मामले- 08 मुकदमे (चोरी, गैंगस्टर एक्ट आदि)

कार की टक्कर से ऑटो चालक की मौत



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा /बरेली। पीलीभीत-बरेली हाईवे पर रविवार रात सड़क हादसे में ऑटो चालक की जान चली गई। अनियंत्रित कार की टक्कर से ऑटो के परखच्चे उड़ गए। गंभीर रूप से घायल चालक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ऑटो चालक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया।

थाना जहानाबाद क्षेत्र के गांव खुंडारा निवासी दीपक कुमार (25) पुत्र मूलचंद पिछले काफी समय से बरेली में किराए पर रहकर ऑटो चलाता था। रविवार को वह अपना ऑटो लेकर बरेली से पीलीभीत होते हुए पैतृक गांव खुंडारा लौट रहा था। जैसे ही वह पीलीभीत-बरेली हाईवे पर जहानाबाद क्षेत्र में ललौरीखेड़ा और शिवपुरिया-जतीपुर के बीच नर्सरी के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और दीपक उछलकर सड़क पर गिर पड़ा। हादसे में उसके सिर और पेट में गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। घायल दीपक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

थाना प्रभारी प्रदीप कुमार विश्नोई का कहना है कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने सुचारू कराया।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

12 किलो चाइनीज मांझा बरामद, आरोपी युवक गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। थाना बारादरी पुलिस ने रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज के पास एक बोरी में चाइनीज मांझा लेकर जा रहे युवक को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरोपी ने अपना फैसल बताया। वह शहर के काकर टोला मोहल्ले का रहने वाला है। उसने बताया कि करीब साढ़े 12 किलो मांझा उसके पास है, जो उसने ही तैयार किया था। बाजार में बिक्री करने की फिराक में था। उससे पहले ही पुलिस ने उसे दबोच लिया।

मकर संक्रांति के दिन शहर में बड़े पैमाने पर पतंगबाजी की जाती है। बाजार में पतंगों और धागे की बिक्री हो रही है। इसकी आड़ में कुछ दुकानदार चोरी-छिपे चाइनीज मांझे भी बेचते हैं। प्रतिबंधित मांझे की बिक्री रोकने के लिए पुलिस समय-समय पर अभियान भी चलाती है। इसी क्रम में एक सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी फैसल को गिरफ्तार किया है।

प्रदेश में सबसे ठंडा बरेली... न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस पहुंचा : शीतलहर से कांपे लोग

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा /बरेली। बरेली में दो दिन धूप निकलने के बाद मौसम ने फिर पलटी मारी। सोमवार को सुबह कोहरा छाया रहा। सुबह 11 बजे के बाद धूप निकली तो लोगों को थोड़ी राहत मिली। हालांकि शीतलहर से चलने ठिठुरन और गलन बरकरार है। रविवार की रात प्रदेश में बरेली जिला सबसे ज्यादा ठंडा रहा। न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया।

बरेली में न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री कम है। यह इस सीजन में सबसे कम तापमान है। मौसम विभाग ने सोमवार को टॉप पांच जिलों का सूची जारी की, जिसमें बरेली पहले नंबर पर है। इसके बाद क्रमशः मुजफ्फरनगर, अलीगढ़, मेरठ और आगरा हैं। मौसम विभाग ने शीतलहर और कोहरे का अलर्ट जारी किया है।

सुबह छाया रहा कोहरा - तीन दिन से निकल रही चटक धूप का आनंद ले रहे लोगों को सोमवार की सुबह कोहरे का सामना करना पड़ा। रविवार सुबह सर्द हवा के साथ तेज धूप निकली। दिनभर लोगों ने गुनगुनी धूप का आनंद लिया और शीतलहर ने कंपकंपी का अहसास कराया। अधिकतम पारा 1.3 डिग्री लुढ़ककर सामान्य से एक डिग्री अधिक 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शाम को फिर सर्द हवा का सितम शुरू हुआ। शीतलहर चलने से रात के तापमान में गिरावट हुई। तापमान चार डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया।

आज नही कोहरा छाने का अनुमान आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ अतुल कुमार के मुताबिक, उत्तर-पश्चिम दिशा से चल रही हवा का प्रवेश शहर में होने पर ठिठुरन बढ़ी है। साथ ही, बादल भी मंडराने के आसार बन रहे हैं। इससे मंगलवार को सुबह-शाम कोहरा छाने का अनुमान है। इससे ठंड का ग्राफ बढ़ेगा। पश्चिमी विक्षोभ से पहाड़ों की हवा के प्रवेश से लोगों को शीतलहर का सितम सहना पड़ सकता है।

जिला अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़, ओपीडी के अंदर तक लगी कतार

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। जिला अस्पताल में सोमवार को मरीजों की भारी भीड़ इलाज को पहुंची। हालत यह रही कि पर्चा काउंटर पर कई बार धक्कामुक्की तक की नौबत आ गई। पर्चा बनवाने के लिए मरीजों की कतार ओपीडी के अंदर तक पहुंच गई। दोपहर 12 बजे तक 1700 से अधिक मरीजों का पंजीकरण हो चुका था। मरीज में महिलाओं की संख्या अधिक रही। बुखार, सर्दी, खांसी, जुकाम के साथ ही सीने में जलन, दर्द, सांस लेने में तकलीफ, पेट संबंधी बीमारियों की परेशानी वाले मरीज अधिक रहे। सोमवार को ओपीडी में दो चिकित्सक अवकाश पर होने की वजह से नहीं बैठे। इसकी वजह से भी मरीजो को परेशानी का सामना करना पड़ा।

दो दरोगा निलंबित : वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान एसएसपी ने की कार्रवाई

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। बरेली जनपद के भमोरा और तैनात क्रिटिकल दुर्घटना के करने में रविवार को कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य ने मीरगंज थाने के सीसी टीम प्रभारी दरोगा अनीश कुमार व भमोरा थाने की सीसी टीम के प्रभारी दरोगा उपदेश कुमार को निलंबित कर दिया।



मीरगंज थाने में कॉरिडोर टीम ने कारणों की समीक्षा लापरवाही बरती। ऑनलाइन वीडियो

स्वामी विवेकानन्द जी के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

